हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 पुलिस ने 7.490 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 3 ...



07 नैनो यूरिया और नैनो डीएपी किसानों के लिए ...



## खबर संक्षेप

### हरियाली अमावस्या पर ओढ़ाई जाएगी चुनरी

**विदिशा।** मां वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति द्वारा 24 जुलाई को हरियाली अमावस्या पर सुबह 6 बजे विशेष गंगा आरती व चुनरी महोत्सव का आयोजन बड़ वाले घाट पर किया जाएगा। संयोजक पं. मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि बेतवा मैया को पीली साड़ियों की चुनरी चढ़ाई जाएगी। जिसे दर्शन उपरांत जरूरतमंद बहनों को रक्षा बंधन पर वितरित किया जाएगा। तुलसी पौधों का प्रसाद, दुग्धाभिषेक व महाआरती के आयोजन में नगरवासियों से सपरिवार शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

### कथा में चारों भाईयों का हुआ नामकरण संस्कार

**विदिशा।** विनायक बैंक्विट हॉल में आयोजित पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्रीराम कथा महोत्सव के पांचवें दिन कुलगुरु वशिष्ठ द्वारा भगवान राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न का गुण धर्मानुसार नामकरण संस्कार हुआ। कथा व्यास संतोष शास्त्री ने भगवान राम की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। ठुमक चलत रामचंद्र... भजन ने भक्तों को भावविभोर किया। विश्वामित्र यज्ञ रक्षा, अहिल्या उद्धार व राम-सीता विवाह प्रसंग ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण दंडोतिया, विष्णु नामदेव, डॉ. राहुल रघुवंशी, ममता बंसल आदि उपस्थित रहे।

### सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

**ग्यारसपुर।** सीएमएचओ रामहित कुमार ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवा वितरण कक्ष, लैब, प्रसूति वार्ड सहित विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, रजिस्टर संधारण, स्टाफ उपस्थिति और मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से जांच की गई। इस दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. एन. अहिरवार भी मौजूद रहे। सीएमएचओ ने कुछ कमियों पर नाराजगी जताते हुए सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कुरवाई पुलिस ने चंद घंटों में आरोपी को दबोचा

**कुरवाई।** थाना क्षेत्र में 15 जुलाई को नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले पुलिस ने आरोपी दीपक सहरिया को महज़ कुछ घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, एएसपी प्रशांत चौबे व एसडीओपी रोशनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आरके मिश्र के नेतृत्व में टीम गठित की गई। आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### गुमशुदा नाबालिग बालिका सकुशल मिली

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत थाना पठारी पुलिस ने एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। बालिका 9 जुलाई से लापता थी। जिसकी रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी रोशनी ठाकुर के निर्देशन में टीम गठित की गई। टीम ने 15 जुलाई को बालिका को गंजबासौदा से बरामद किया। अब तक 235 से अधिक गुमशुदा को खोज निकाला गया है।

### गौ तस्करी का प्रयास विफल, मुकदमा दर्ज

**ग्यारसपुर।** थाना क्षेत्र के पुरा गोसांई और सीहोद में बुधवार रात गौ तस्करी का मामला सामने आया। बोलेरो वाहन में पांच अज्ञात तस्कर गौ माता को भरकर ले जा रहे थे। सूचना मिलने पर गौ सेवकों ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोका और पुलिस को सूचित किया। 100 डायल पुलिस ने वाहन को जब्त कर गौ माता को सुरक्षित गौशाला पहुंचाया। आरोपी बाइक से भाग निकले। गुरुवार सुबह गौ सेवकों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### कार से टक्कर मारने के मामले का पुलिस आज कर सकती है खुलासा

# पार्षद प्रतिनिधियों को टक्कर मारने वाला पकड़ाया, पुरानी रंजिश का लिया बदला

पार्षद प्रतिनिधियों को टक्कर मारने के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। अब इस मामले को पुरानी रजिंश का मामला होने की बात कही जा रही है। पुलिस ने इस मामले में स्वर्णकार कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस आज इस मामले का खुलासा कर सकती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पार्षद प्रतिनिधि जमना कुशवाह और धर्मेंद्र सक्सेना को कार से टक्कर मारकर जालेवा हमला करने का यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में पुलिस पर जल्द खुलासे का भी दबाव बना हुआ है।

तीन दिन पहले पुलिस ने एक कार को पकड़कर यह बताने का प्रयास किया था कि घटना में इसी कार का प्रयोग किया गया था। लेकिन पार्षदों ने इस बात से इनकार किया था की यह वह कार नहीं है। वहीं मैकेनिकों ने भी यहा बताया कि कार पर कोई पेंट नहीं किया गया है। इस पर जो भी पेंट है वह ओरिजनल है। इसके बाद पुलिस ने आगे अपनी जांच शुरू की। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में पुलिस ने स्वर्णकार कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति को पकड़ा है और पुलिस आज इस मामले का खुलासा कर सकती है। इधर टक्कर से घायल हुए पार्षद प्रतिनिधि जमना कुशवाह का कहना है कि उन्हे इस बात की जानकारी मिली है कि जिस व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा है। उसने पुरानी रजिंश के चलते उन्हे टक्कर मारी थी। उनका कहना है कि स्वर्णकार कॉलोनी में एक सड़क निर्माण के दौरान उनका विवाद एक व्यक्ति से हुआ था। जिससे सड़क निर्माण कर रहे एक मजदूर के साथ मारपीट की थी। जिसको लेकर उनकी बहस उस व्यक्ति से हुई थी। मामला थाने भी पहुंचा था और बाद में दोनों का राजीनामा हो गया था।

जमना कुशवाह का कहना है कि राजीनामा होने के बाद वह उस मामले को भूल गए थे। लेकिन अब ऐसी जानकारी मिल रही है कि उसी व्यक्ति ने रात के समय कार से उन्हे टक्कर मारी थी। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान हुई कहासुनी के बाद उन्होंने थाने में राजीनामे के दौरान उस व्यक्ति से माफी भी मांग ली थी। इस पूरे मामले को पहले नपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। लेकिन अब कुछ नई कहानी सामने आ रही है। पूरे घटनाक्रम को लेकर शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है और नगरपालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर किए जा रहे प्रयास विफल होते नजर आ रही है। हालांकि नपा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए बहुमत के लिए इस तरह के षडयंत्र किए जाने की बात भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

### वीडियो में सामने आया था पूरा घटनाक्रम



### हाईवे पर हादसे में एक की मौत, चार घायल

**ग्यारसपुर।** थाना क्षेत्र के मढ़ीपुर नेशनल हाईवे 146 मणिपुर चक्पाटनी के बीच हुआ जबरदस्त एक्सीडेंट जहां पर दो कारे आपस में आमने-सामने टकरा गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, मृतक गुलाबगंज का बताया जा रहा है। वहीं चार लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से तीन सागर के हैं एक नौलस का है। बताया जा रहा है कि पैदल राहगीर को बचाने के चक्कर कारें आपस में टकरा गई। जिससे पैदल चल रहे। राहगीर की मौत हो गई है। वहीं एक कार जो विदिशा से नौलास जा रही थी, उसमें केवल ड्राइवर था जो घायल हो गया जिसका इलाज चिकित्सालय में चल रहा है वहीं दूसरी कार सागर से विदिशा की ओर जा रही है, उस कार के लोग भी , घायल हो गए जिनका इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है, सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजा गया मौके पर पहुंची ग्यारसपुर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी।

### 20 अगस्त से आर्मी भर्ती रैली का आयोजन

**विदिशा।** 20 अगस्त से 2 सितम्बर तक आर्मी भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी से आर्मी अधिकारियों ने भेंट कर आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की। कर्नल जय शंकर ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी। रैली का आयोजन खेल स्टेडियम में होगा, जिसमें बिजली, इंटरनेट, शौचालय, सुरक्षा, बेरिकेट्स, टेंट, खानपान, वाहन प्रबंधन और कानून व्यवस्था जैसे प्रबंध किए जाएंगे। कलेक्टर ने प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया है।

*जंगल में अंधे कत्ल का पुलिस ने किया खुलासा*

# 2 हजार रु के विवाद में दोस्त ने ही की थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

लटेरी के गोविंदपुरा जंगल में हुई 20 वर्षीय युवक संजू लोधी की हत्या के मामले का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। महज 2 हजार रुपए के उधार और उस पर बढ़े ब्याज की रकम के चलते दो दोस्तों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार मृतक संजू लोधी निवासी मधुसूदनगढ़ से आरोपी धीरज कुशवाह और संजय कुशवाह ने कुछ समय पहले 2 हजार रुपए उधार लिए थे। संजू द्वारा बार-बार पैसे की मांग करने और ब्याज सहित 16 हजार रुपए लौटाने के दबाव से तंग आकर दोनों ने संजू को रास्ते से हटाने की साजिश रची।

### 12 जुलाई से था लापता बाइक के साथ मिला शव

संजू लोधी 12 जुलाई को घर से कामखेड़ा बालाजी मंदिर राजस्थान जाने की बात कहकर निकला था।

### दोनों ने ऐसे रची थी हत्या की साजिश

हत्या के दिन आरोपियों ने संजू को फोन कर गोविंदपुरा के जंगल में बुलाया। पहले उसे बियर पिलाई, फिर नशे की हालत में उस पर बियर की बोतल से हमला किया गया। हमले के बाद भी जब संजू की जान नहीं गई तो आरोपियों ने उसकी गर्दन पर चाकू से कई वार किए और फिर पत्थरों से कुचलकर उसकी हत्या कर दी।

जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने मधुसूदनगढ़ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। 15 किलोमीटर दूर सोजनीखेड़ा के जंगल में गोविंदपुरा की पहाड़ियों के पास युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर जांच की। मौके से संजू की बाइक भी बरामद हुई। साक्ष्यों और मोबाइल कॉल डिटेल्स के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया है।

# नशे में धुत युवक स्वास्थ्य केंद्र में घुसा, सीएचओ से अभद्रता

### मना करने के बाद भी बैड पर जाकर लेट गया युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लटेरी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उनारसीकला की सीएचओ खुशी भंडारी के साथ नशे में धुत युवक सोनू कुशवाह ने अभद्रता की। युवक स्वास्थ्य केंद्र में घुस गया और बैड पर जाकर लेट गया। महिला सीएचओ ने उसे कई बार जाने के लिए कहा लेकिन वह नहीं माना और अभद्रता करने लगा। सीएचओ खुशी भंडारी ने उनारसीकला थाने में युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र किरार का कहना है कि यह महिला कर्मचारियों की सुरक्षा से जुड़ा अति संवेदनशील मुद्दा है। अगर विभाग कोई ठोस निर्णय नहीं लेता तो जिला स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी महिला कर्मचारियों से मुख्यालय पर रहने की बात करते हैं और सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की बात कही जाती है। वहीं जब महिला कर्मचारियों की सुरक्षा की बात आती है तो वरिष्ठ अधिकारी चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 80% से अधिक महिला सीएचओ हैं। जो ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहीं हैं। पूर्व में भी जिले में महिला सीएचओ से अभद्रता और छेड़छाड़ जैसी घटनाएं सामने आईं हैं।

#### गंभीर मामला

महिला कर्मचारियों के साथ यदि कोई अभद्रता करता है तो यह गंभीर बात है। इस संबंध में सूचना मिली है। हमने सीएचओ से लिखित में शिकायत मांगी है। इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा।
**डॉ रामहित कुमार,** सीएमएचओ विदिशा

### सुरई मूड़रा, अंडिया खुर्द में बिक रही अवैध शराब

**कागपुर।** ग्राम पंचायत मूडरा सुरई के सरपंच प्रीतम सिंह रघुवंशी ने ग्राम सुरई मूड़रा व अंडिया खुर्द में अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध विदिशा एसपी को आवेदन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया कि करारिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इन गांवों में खुलेआम शराब बिक रही है, जिससे ग्रामवासी आए दिन झगड़े कर रहे हैं और गांवों में भय का माहौल बना हुआ है। सरपंच ने यह भी बताया कि छोटे-छोटे बच्चे शराब खरीदने और पीने की लत सीख रहे हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी प्रभावित हो रही है। सरपंच द्वारा कागपुर चौकी और करारिया थाना में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सरपंच ने शराब बेचने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की अपील की है।

### स्वच्छता में विदिशा नगरपालिका ने 47वीं रैंक प्राप्त की



**विदिशा।** स्वच्छता में विदिशा नगरपालिका ने 47वीं रैंक प्राप्त की है। गुरुवार को नपा के सभी मेट दरोगा का नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने सम्मान किया। शहर की सफाई की प्रथम कड़ी नगरपालिका के मेट दरोगा और सफाई कर्मी ही होते हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति, पार्षद दीपक कुशवाह, नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी, अखिलेश राजपूत, राजू दांगी, संजय अग्रवाल, राजेश लोधी सहित सभी नगरपालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मोबाइल चोरी के आरोपी को एक वर्ष का साश्रम कारावास

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विदिशा ने मोबाइल चोरी के मामले में आरोपी शाजिद खान उम्र 35 वर्ष निवासी जामा मोती नगर बड़ा करीला सागर को धारा 379 के तहत एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार फरियादी 7 मई 2018 को भोपाल से विदिशा जीटी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था, इसी दौरान स्टेशन पर उतरते समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से मोबाइल चोरी कर लिया। जीआरपी विदिशा द्वारा मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में पैरवी एडीपीओ साकेत गोयल ने की।

## पांच करोड़ 13 लाख से करैयाखेड़ा रोड पर बनाई जाएगी सीसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

5 करोड़ 13 लाख 24 हजार रुपए की लागत से करैया खेड़ा रोड पर बनने वाली सीसी रोड निर्माण कार्य से पूर्व क्षेत्रीय विधायक मुकेश टंडन ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों के साथ स्थल का निरीक्षण किया।

विधायक टंडन ने पीडब्ल्यूडी के जिला अधिकारी, एसडीएम क्षितिज शर्मा, नगर पालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर, बिजली विभाग एवं अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली।विधायक ने बताया कि निर्माणाधीन सीसी रोड के साथ-साथ तीन पुलियों का निर्माण, सड़क किनारे स्थित नाले की पिचिंग एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण भी प्रस्तावित है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिजली के खंभों को सड़क निर्माण से पूर्व शिफ्ट कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान नपा पालिका उपाध्यक्ष संजय दिवाकर, जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी, सुरेन्द्र चौहान, दिनेश कुशवाह, प्रशांत खत्री सहित पार्षदगण मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर पलटने से 26 वर्षीय युवक की मौत

**विदिशा।** सियासी गांव में खेत में काम के दौरान ट्रैक्टर पलट गया। हादसे में 26 वर्षीय संदीप आदिवासी की मौत हो गई। घटना के समय संदीप के साथ उसका बड़ा भाई थान सिंह भी खेत में काम कर रहा था। थान सिंह के अनुसार, खेत में एक गहरे गड्ढे के पास मोड़ते वक्त ट्रैक्टर असंतुलित हो गया था। मैं समय रहते कूद गया इसलिए बच गया। यदि समय रहते कूदा नहीं होता तो मैं भी नहीं बच पाता। परिजन तुरंत संदीप को विदिशा मेडिकल कॉलेज ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मई 2023 में उसकी शादी हुई थी। सब इंस्पेक्टर रामगोपाल उईके ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम करा लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# लटेरी में फिर सक्रिय हुए बिना डिग्रीधारी डॉक्टर

### क्लीनिक सील, एफआईआर भी हुई, लाइसेंस निरस्त होने के बाद भी मरीजों की जांच कर रहा डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭लटेरी

3 जुलाई को इलाज के दौरान एक मासूम की मौत के बाद डॉक्टर संतोष साहू की क्लीनीक सील कर दी गई थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब वह डॉक्टर पास के मेडिकल स्टोर पर बैठकर मरीजों को देख रहा है। कार्रवाई के दौरान कुछ अन्य क्लीनिक भी सील किए गए, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी दर्जनों अवैध क्लीनिक बेरोकटोक संचालित हो रहे हैं। लटेरी ब्लॉक में आनंदपुर, उन्नारसी कला, मुरवास, बलरामपुर जैसे गांवों में बिना डिग्री के डॉक्टर गंभीर बीमारियों का इलाज कर रहे हैं। कई डॉक्टर बिना ड्रग लाइसेंस के दवाओं का भंडारण और विक्रय भी कर रहे हैं। इन दिनों मौसमी बीमारियों के चलते मरीजों की भीड़ बिना डिग्री के डॉक्टरों की क्लीनिकों पर बढ़ गई है। उल्टी, दस्त, बुखार जैसी बीमारियों में सीधे ग्लूकोज चढ़ाने का इलाज चल रहा है, जिसकी फीस 200 से 500 रुपए तक ली जा रही है। कई बार इलाज बिगड़ने पर मरीजों को भोपाल या विदिशा रेफर कर दिया जाता है।

#### अस्पताल और उप स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ की कमी

लटेरी के सरकारी अस्पतालों और उप स्वास्थ्य केंद्रों में स्टाफ की कमी और बंद पड़े भवनों के कारण ग्रामीण मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने को विवश हैं। यह सब कुछ स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की जानकारी में होने के बावजूद कार्रवाई न होना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो यह झोलाछाप इलाज और अधिक जानलेवा साबित हो सकता है। सवाल उठता है कि क्या प्रशासन फिर किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है।

#### करा रहे हैं जांच

डॉ. संतोष साहू पर एफआईआर दर्ज हुई है। लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की गई है। बिना डिग्री के डॉक्टरों की क्लीनिक सील की जा रहीं हैं। जिन गांवों में ऐसे डॉक्टर गंभीर बीमारियों का इलाज कर रहे हैं वहां कार्रवाई की जाएगी।
**- रामहित कुमार,** सीएमएचओ विदिशा

# जिले में ओलंपिक और राज्य स्तरीय खेलों के आयोजन की तैयारी, खेल परिसर व मैदानों में सुधार की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

आने वाले दिनों में ओलंपिक खेलों सहित एमपी तथा महाविद्यालयीन स्तर की राज्य स्तरीय खेल चैम्पियनशिपों का आयोजन होना है। इस संदर्भ में जिला ओलंपिक संघ द्वारा खेल परिसरों और स्कूल-कॉलेजों में उपलब्ध खेल मैदानों के उन्नयन, सुधार एवं नवीन निर्माण की मांग तेज हो गई है।

गुरुवार को जिला ओलंपिक संघ ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता को ज्ञापन दिया। कलेक्टर ने सभी खेल संघों से चर्चा कर खेलों को बढ़ावा देने शासन स्तर पर किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराते हुए खेल प्रतिभाओं को उचित मंच दिलाने विशेष प्रयास करने में रुचि दिखाई। ज्ञापन देकर मांग की गई है कि जिला खेल स्टेडियम में रनिंग ट्रैक हेतु सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण कराया जाए। बास्केटबॉल कोर्ट का पुर्नउत्थान किया जाए एवं एक नवीन कोर्ट भी निर्मित हो।

स्टेडियम परिसर में दो व्हॉलीबॉल एवं एक हैंडबॉल मैदान की आवश्यकता है। इस दौरान अध्यक्ष जिला ओलंपिक संघ रुद्र प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह राणा, अटल तिवारी, राजेश जैन, रितेश कपूर, प्रमोद रघुवंशी, जीएस चौहान, नीरज कुशवाह, आशीष मोदी, राजनारायण यादव, शिव नारायण शर्मा, संतोष चतुर्वेदी, दिलीप सिंह थापा, गोपाल कुशवाह, टीका पटेल, सतीश रैकवार, पराग अग्रवाल, कृष्ण कुमार, रेफरी शैलेंद्र कुशवाह, मयूर भार्गव घनश्याम तिवारी, बहादुर सिंह थापा, रविकांत नामदेव, अंबे सोनी मौजूद रहे।



विदिशा। खेलों को बढ़ावा देने कलेक्टर से मिलते हुए खेल संघों के पदाधिकारी।

#### स्टेडियम में 6 हाई मास्क लाइट्स लगाई जाएं

स्टेडियम में रोशनी हेतु छह हाई मास्क लाइट्स लगाई जाएं और बैडमिंटन हॉल में आठ एग्जॉस्ट फैन एवं 20 दीवार पंखे लगाए जाएं। इसके अलावा, शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय में 200 मीटर रनिंग ट्रैक, बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल मैदान के साथ ताइक्वांडो प्रशिक्षण हॉल निर्माण की मांग की गई है। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित वॉलीबॉल प्रशिक्षण नोडल केंद्र के मैदान की सुरक्षा के लिए 18 फीट ऊंची लोहे की जाली लगाने की मांग की गई है। यह मैदान बीते कई वर्षों से छात्राओं के लिए अभ्यास स्थल रहा है। वर्तमान में भी लगभग 40-50 छात्राएं नियमित अभ्यास करती हैं।

# पीएचसी के सफाईकर्मियों को दो महीने से नहीं मिला वेतन

### आउटसोर्स कर्मचारियों को पीएफ भी नहीं दिया गया

नया ठेकेदार चार बार कर्मचारियों से मंगा चुका है दस्तावेज, पीएफ का कोई अता पता नहीं।

हरिभूमि न्यूज ⏭गुलाबगंज

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुलाबगंज में कार्यरत आउटसोर्स के सफाईकर्मी और गार्ड लंबे समय से परेशान हैं। राधा बाई, जो पिछले 30 वर्षों से सफाई का कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि बीते दो माह से वेतन नहीं मिला है और पिछले एक वर्ष से सफाई सामग्री तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने बताया कि नया ठेकेदार न तो अस्पताल आता है और न ही कर्मचारियों से कोई संपर्क करता है। चार बार कागजात जमा करवाए जा चुके हैं।

इस बार तो जाति प्रमाण पत्र भी मांगा गया। राधा बाई ने बताया कि इतने लंबे कार्यकाल में आज तक पीएफ का कोई लाभ नहीं मिला। इस संबंध में राधा बाई ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विभूति श्रीवास्तव को आवेदन देकर प्रतिमाह वेतन, नियमित सामग्री उपलब्ध कराने एवं ठेका समाप्ति के बाद पीएफ भुगतान की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी जल्द समाधान की अपेक्षा जताई है।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2682
उच्चतम भाव- 3135
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2680
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव-2490
चना
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5800
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3561
धान
न्यूनतम भाव-1991
उच्चतम भाव-2972
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-7935
सरसों
न्यूनतम भाव-4505
उच्चतम भाव-8341
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4357
मूंग
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-7490
उड़द
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5790
धनिया
न्यूनतम भाव-6360
उच्चतम भाव-6360
तुअर
न्यूनतम भाव-2830
उच्चतम भाव-4700
ज्वार
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2000
बटरी
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3700

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 8849 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### अस्पताल से स्कूटी चोरी



**गंजबासौदा।** बुधवार को शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय के पुराने परिसर से समाजसेवी कांति भाई शाह की स्कूटी चोरी हो गई। वह प्रतिदिन की तरह मरीजों के परिजनों के लिए संचालित भोजन व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे थे। स्कूटी परिसर में खड़ी कर काम में लग गए। कुछ देर बाद बाहर आए तो स्कूटी गायब मिली। आसपास तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद देहात थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में वाहन चोर सक्रिय हैं जो चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।

### आरोपियों से 80 हजार रुपए की ब्राउन शुगर जब्त की गई

# पुलिस ने 7.490 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 3 अंतरराज्यीय तस्कर पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नशे से दूरी है ज़रूरी अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलाली के नेतृत्व में सिटी थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय ब्राउन शुगर तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। सिटी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वेदिया के नेतृत्व में गठित टीम को 14 जुलाई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हतोड़ा पंचायत भवन के पास बरेठ रोड पर एक व्यक्ति जो चौकड़ी की शर्ट व हरे रंग का लोवर पहने है तथा अपने पास ब्राऊन शुगर रखे हुए है। उसे अगर तत्काल पकड़ा जाये तो उसके पास से ब्राउन शुगर मिल सकती है। मुखबिर सूचना पर पुलिस ने तत्काल टीम द्वारा नाकाबंदी कर मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति पकड़ा एवं नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम संजय तोमर उम्र 31 वर्ष निवासी जमनानगर धर्मकांटा बरेठ रोड बताया। आरोपी के कब्जे से 7.490 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर कीमती 80,000 रुपये जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ब्राउन शुगर लाने के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ पर आरोपी ललित पिता रामहेत मीना उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम कुंजाखेड़ी थाना कुंभराज जिला गुना एवं मनोज मीना उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम धस्याखेड़ी थाना मृगराज जिला गुना से खरीदना बताया। आरोपी ललित मीना एवं मनोज मीना को सिरोंज बायपास रोड से गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों को न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में सिटी थाना निरीक्षक संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, सुरेश रघुवंशी, अभिषेक शुक्ला, अनिल यादव, सतीश तिवारी, सौरभ कुमार, सुमित अवस्थी का सराहनीय सहयोग रहा। पुलिस ने आमजन से अपील की कि यदि आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री, संग्रहण या तस्करी हो रही हो, तो तुरंत विदिशा पुलिस की नारकोटिक्स हेल्पलाइन नं 7587637810 पर सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी एवं त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जागरूक नागरिक बनें, पुलिस का साथ दें और नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।

## दिव्यांग भीकम को मिली मोटराइज्ड ट्रायसिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारत सरकार की एडिप योजना दिव्यांगजनों के चेहरों पर मुस्कान लाने का कार्य कर रही है। जिले में क्रियान्वित इस योजना से दिव्यांग जनों को लाभान्वित कर उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसिकल प्रदान की जा रही है। ऐसी ही एक कहानी है जनपद पंचायत गंजबासौदा के दिव्यांग हितग्राही भीकम पुत्र नत्थू सिंह की है। वह ग्राम कुल्हार में निवासरत हैं जिन्हें बुधवार को आवेदन करने के पश्चात एडिप योजना में मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदाय की गई है। ट्राइ साइकिल पाकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। मानों उनके पैरों को पंख लग गए हों। अब वह कहीं भी आने-जाने में संकोच नहीं करेंगे अपने स्वयं के बलबूते पर मोटर वाली ट्रायसिकल की मदद से यहां वहां आ जा सकेंगे। ट्राई साइकिल मिल जाने पर उन्होंने भारत सरकार की एडिप योजना के प्रति साधुवाद व्यक्त किया है। जनपद पंचायत गंज बासौदा के ग्राम कुल्हार के दिव्यांग हितग्राही भीकम को योजना अंतर्गत मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल मिल जाने के पश्चात मोटर ट्रायसिकल सवार हुए और हेलमेट लगाकर स्वयं ही चलाकर घर की और खुशी-खुशी रवाना हुए।

## पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

यूसीमॉस अवनी अबैकस एकेडमी द्वारा विगत दिनों नगर की एक होटल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अवनी नगीना ने किया। अध्यक्षता विपिन जैन ने की, मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य ज्ञान प्रकाश भार्गव, एसडीओपी शिखा भलावी मौजूद थी। इस मौके पर बच्चों को स्टेट, नेशनल और इंटरनेशनल लेवल ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। जिन्होंने 2024 में दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने लाइव अबैकस डेमो, गणेश वंदना और रंगारंग नृत्य की प्रस्तुति दी। आभार निदेशक कुमुद नगीना ने व्यक्त किया।

## नशा मुक्ति रैली और संवाद की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आम आदमी पार्टी बासौदा विधानसभा क्षेत्र में नशा मुक्ति जन जागरूकता रैली और कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित करेगी। यह आयोजन जिला विदिशा स्तर पर होगा। इसकी तैयारी को लेकर विगत दिनों एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाएं और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विधानसभा प्रभारी देवेंद्र केवट, ओबीसी विंग के जिला अध्यक्ष प्रदीप मैथिल, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भदोरिया, यूथ विंग के जिला उपाध्यक्ष अमित मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, किसान विंग के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर सिंह रघुवंशी मौजूद रहे। पूर्व पदाधिकारी अब्दुल अजीम खान, शिवराज अहिरवार, अजीत कुमार जैन, राजा बाबू बघेल, रवि लोधी सहित अन्य सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

### किसान ने बेची सरकारी जमीन, अतिक्रमण हटाने पहुंचे अधिकारी



**गंजबासौदा।** राजस्व विभाग ने गुरुवार को ग्राम चौरावर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। विभाग को शिकायत मिली थी कि निजी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। लेकिन जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ। मौके पर पहुंची टीम को पता चला कि किसान बलराम सिंह ने सरकारी जमीन को ग्राम साहबा निवासी शेर खान को बेच दिया था। शेर खान के पुत्र इरफान खान ने इस जमीन पर निर्माण कार्य कर लिया था। पटवारी अभिषेक राजपूत ने बताया कि मामले का पंचनामा तैयार कर लिया गया है। अतिक्रमण हटाने के बाद जमीन पर राजस्व विभाग का बोर्ड लगा दिया गया है। यह कदम भविष्य में किसी और अतिक्रमण को रोकने के लिए उठाया गया है। विभाग अब जमीन बेचने वाले बलराम सिंह और कब्जा करने वाले शेर खान के खिलाफ कार्रवाई करेगा। अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन भेजा जाएगा। यह कार्रवाई सरकारी भूमि की सुरक्षा और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए की जा रही है।

### मच्छरों से वार्डवासी परेशान

**गंजबासौदा।** बारिश के मौसम में मच्छरों के प्रकोप से नगरवासी खासे परेशान हैं। सर्वाधिक परेशानी पाराशरी नदी किनारे के रहवासियों एवं निचली बस्ती के लोगों को उठाना पड़ रही है। नागरिकों ने बताया कि शाम होते ही मच्छरों प्रकोप के चलते घरों की खिड़कियां, मुख्य द्वार बंद करने को मजबूर होना पड़ता है। बारिश के मौसम में लोग मच्छर जनित बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।

## सड़क के गड्ढे और आवारा मवेशी से परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अम्बानगर चौराहा पर बीच सड़क पर बारिश का पानी भरा हुआ है। वहीं सड़क के पास एक गहरा गड्ढा होने के कारण के दो पहिया, चार पहिया वाहनों के पहिया उस गड्ढे में उतर जाते हैं। जिससे वाहन तो क्षतिग्रस्त हो ही रहे हैं, साथ ही कभी बड़ी दुर्घटना घटित होने की आशंका बनी रहती है। वहीं दूसरी ओर सड़क पर आवारा मवेशियों के झुंड भी बैठे रहते हैं, जिन्हे बचाने के चक्कर में इस क्षेत्र में हादसे बढ़ रहे हैं।

## सीएम राइज राजेंद्र नगर व कन्या शाला स्कूल में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई





**गंजबासौदा।** मप्र पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति के संबंध में जागरूकता अभियान तहत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चल रहा है। जिसके तहत थाना प्रभारी मनोज दुबे की पहल पर सीएम राईज उमावि राजेन्द्र नगर एवं कन्या शाला में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी, नगर व ग्राम रक्षा समिति के प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी, वरिष्ठ समाज सेवी सुनील पिंगले, डॉ.अशोक रोहले, योगेश त्रिवेदी सहित स्कूल का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यकृम के दौरान थाना प्रभारी मनोज दुबे द्वारा नशे के व्यसन के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला गया और स्कूली बच्चों को समझाईश देकर बच्चों से व्यक्तिगत संवाद भी किये गये व बच्चों के सभी प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का जबाव देकर पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न जानकारियां दी गईं। सभी बच्चों को नशे की बुराई के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बृजराज सिंह द्वारा किया गया।

## त्योंदा पुलिस ने स्कूली बच्चों के साथ मिलकर चलाया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को त्योंदा पुलिस ने स्कूली बच्चों के साथ मिलकर नशे से दूरी अभियान के तहत रैली निकाली। रैली त्योंदा पुलिस थाने से अस्पताल तक निकाली गई। जिसमें थाना प्रभारी बबीता सिंह चौधरी, सत्येंद्र सिंह, रविंद्र सिंह तोमर, हिमालय यादव, मोनिका यादव, जेपी मालवीय सहित स्कूल के टीचर एवं बच्चे मौजूद थे।

### 50 लाख बार राम लिखने पर अयोध्या यात्रा फ्री

**गंजबासौदा।** श्रीराम नाम बैंक 50 लाख बार राम नाम लिखने वाले श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की यात्रा निःशुल्क कराएगा। यह यात्रा दो दिन और दो रात की होगी। बैंक के संस्थापक रघुनाथ सिंह रघुवंशी ने बताया कि यात्रा में आने-जाने, ठहरने और भोजन की पूरी व्यवस्था बैंक करेगी। यह पात्रता अर्जित करने वाले को परेशान नहीं होना पड़ेगा। ऐसे श्रद्धालु जिन्होंने 50 लाख बार राम नाम लिखा है, वे अपनी लिखी हुई पुस्तक लेकर श्रीराम नाम बैंक में संपर्क करें। उसी आधार पर उनका यात्रा के लिए रिजर्वेशन होगा। यात्रा में शामिल होने के लिए भक्त 25 जुलाई तक अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। जिनकी संख्या 50 लाख से थोड़ी कम है, वे भी 25 जुलाई तक पूरी संख्या लिखकर यात्रा में शामिल हो सकते हैं। यह यात्रा हर साल जुलाई में कराई जाती है। राम नाम की पुस्तक सभी धर्म प्रेमियों को निःशुल्क दी जाती है।

### आठ लोग हुए घायल, बच्चों के विवाद ने लिया बडा रूप

# बरेठ में दो गुटों में हुआ खूनी संघर्ष, चार गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को शाम के समय ग्राम बरेठ में दो गुटों में खूनी संघर्ष हो गया। इसमें 8 लोग घायल हो गए। घटना स्कूली बच्चों के बीच हुए विवाद से शुरू हुई, जो बाद में दो परिवार के बीच संघर्ष में बदल गई। घायलों में सीताराम प्रजापति उम्र 55 वर्ष, बाबूलाल प्रजापति उम्र 80 वर्ष, विमल प्रजापति उम्र 45 वर्ष , अजय प्रजापति उम्र 25 वर्ष, सौरभ प्रजापति उम्र 27 वर्ष, मनोज प्रजापति उम्र 45 वर्ष, किशन प्रजापति उम्र 70 वर्ष और नरेंद्र प्रजापति उम्र 28 वर्ष शामिल हैं। घटना ग्राम बरेठ के शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले बरेठ और बत्तीसा गांव के बच्चों के बीच विवाद से शुरू हुई। यह विवाद दोनों परिवारों तक पहुंच गया। जिसके बाद बतीसा गांव के लोग बरेठ पहुंच गए। इस दौरान प्रजापति समाज के लोग भी एकत्रित हो गए और दोनों पक्षों में झड़प हो गई और दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। उधर विवाद की सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी संजय बेदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया। गंभीर चोटों के कारण सीताराम, बाबूलाल, विमल और किशन को विदिशा रेफर किया गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, और घटना के बाद से ही बाजार बंद रहा। पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के भी कुछ लोग इस विवाद में घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर घायलों का मेडीकल कराते हुए उपचार शुरू करा दिया है।

इस संबंध में कोतवाली टीआई संजय बेदिया का कहना है कि इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गांव में भी तनाव कम हो गया है और स्थिति शांतिपूर्ण है।

### ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

गंज बासौदा। विगत दिनों किसानों ने एसडीएम विजय राय को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायत बड़वासा में सोयाबीन, मक्का, उड़द फसल में भारी बारिश से नुकसान हुआ है। जिसका सर्वे कर मुआवजा दिलाये जाने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि बड़वासा के किसान इस वर्ष की खरीफ फसल में सोयाबीन, मक्का, उड़द, की बुवाई कर चुके थे। फसल अंकुरण के बाद से ही क्षेत्र में लगातार अत्यधिक वर्षा हो रही है, जिससे खेतों में पानी भर गया है और अधिकांश किसानों की सोयाबीन फसल पूर्ण रूप से सड़ चुकी है या अंकुरण के पश्चात नष्ट हो गई है। इससे ग्राम के कृषकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ज्ञापन में राजस्व व कृषि अमले को तत्काल मौके पर भेजकर ग्राम बड़वासा में फसल नुकसान का सर्वे करवाने तथा उचित मुआवजे की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाने की मांग की गई, जिससे किसानों को राहत मिले।

## गायत्री परिवार ने नवांकुर के छात्र को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान हासिल करने पर नवांकुर विद्यापीठ के विद्यार्थी अभिजीत दांगी कक्षा 6 को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के तहसील प्रभारी सुरेश सेनी, पूर्व स्टेशन अधीक्षक और सरस्वती शिशु मंदिर के संचालक राकेश भारद्वाज, सदस्य साधना सैनी, सुधा भारद्वाज और वंदना देवधर इस अवसर पर विद्यालय में पधारे तथा छात्र अभिजीत दांगी को प्रमाण पत्र और 400 रुपए की नगद राशि देकर पुरुस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा छात्र- छात्राओं में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने, नैतिक मूल्यों और रीति रिवाज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष अखिल भारतीय स्तर पर यह परीक्षा आयोजित की जाती है तथा विभिन्न स्तरों पर श्रेष्ठ स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाता है। इस अवसर पर संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भागीदारी बढ़ाने में सहयोग प्रदान करने के लिए विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, विद्यालय के संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी संजीव कुशवाह, सहयोगी रामनारायण नरवरिया, संदीप रावत का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर तहसील प्रभारी सुरेश सैनी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज दुनिया के देशों का झुकाव भारतीय संस्कृति की तरफ हो रहा है, विद्यार्थियों को भी अपने माता-पिता और गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। अध्यक्ष राकेश भारद्वाज ने भी विद्यार्थियों से प्रतिदिन माता-पिता को अभिवादन करने तथा मोबाइल संस्कृति से दूर रहने का संदेश दिया।

खबर संक्षेप



## वैध रजिस्ट्रेशन नहीं होने पर बीएमओ ने किया दो अवैध क्लीनिकों को सील

**सिरोंज।** स्वास्थ्य विभाग,राजस्व विभाग के संयुक्त दल ने बुधवार शाम 7 बजें के आसपास नगर के कष्टम पथ स्थित अवैध रूप से संचालित दो क्लीनिको को सील किया। इस अवसर पर बीएमओ डॉ विकास सिंह बघेल ने बताया कि कष्टम पथ पर दो अवैध क्लीनिक पल्स क्लीनिक व श्री बालाजी क्लीनिक की जांच कर सील करने की कार्रवाई की गई। दोनो क्लीनिक संचालको के पास कोई भी वैध रजिस्ट्रेशन नहीं था। साथ ही एलोपैथिक पद्धति से इव ड्रिप इत्यादि चढ़ाई जा रही थी। इस मौके पर टीम में आर.आई अमित कुमार गुप्ता,बीएएम,चंद्रेश जाट,राजेश पाठक आदि मौजूद रहे।

## भैरव बाग में जअप ने पौधरोपण पर दिया जोर

**शमशाबाद।** ग्राम भैरव बाग में मप्र जन अभियान परिषद के वर्धा सेक्टर अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने 'एक पेड़ मां के नाम' और 'नवांकुर सखी' अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रेरित यह अभियान मां के प्रति श्रद्धा और पर्यावरण संरक्षण की भावना का प्रतीक है। ब्लॉक समन्वयक भीकम सिंह दांगी ने पर्यावरण संरक्षण पर विचार साझा किए। बैठक उपरांत मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच महेश यादव, कपूर्ण सेवा समिति अध्यक्ष बाबूलाल धाकड़, वीरेंद्र मीणा, पुजारी कल्याण सिंह रघुवंशी सहित कोक सिंह, चंद्रेश व समिति सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मूंग उपार्जन केंद्र, हाजीपुर समिति, खाद दुकानों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

# नैनो यूरिया और नैनो डीएपी किसानों के लिए क्रांतिकारी कृषि इनपुटः एसडीएम







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

एसडीएम हर्षल चौधरी ने गुरूवार को सहायक आपूर्ति अधिकारी अंसार नगवी के साथ मूंग उपार्जन केन्द्र,हाजीपुर समिति सहित नगर में संचालित खाद दुकानो का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम हर्षल चौधरी ने मूंग उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण कर उपस्थित कृषकों से चर्चा की गई। वही कृषकों द्वारा बताया गया कि पूर्ण पारदर्शिता से उपार्जन कार्य किया जा रहा है। तो वही सर्वेयर द्वारा पास किए गए मूंग का भी निरीक्षण किया गया एवं वह एफएक्यू के अनुसार उचित गुणवत्ता का पाया गया। एसडीएम ने बताया कि सिरोंज एवं लटेरी तहसील हेतु एकमात्र मूंग उपार्जन केंद् रमार्केटिंग सोसायटी सिरोंज को बनाया गया है।

### निजी खाद दुकानों का किया निरीक्षण

तो वही एसडीएम ने शहरी क्षेत्र में संचालित निजी खाद दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया एवं शासन नियमानुसार निर्धारित दर पर विक्रय करने हेतु दुकानदारो को निर्देशित किया गया। इस मौके पर समस्त दुकानदारों को हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की नैनो यूरिया आदि की बोतल को टैग कर कृषक को खरीदने हेतु विवश ना किया जाए। साथ ही कृषकों को नैनो यूरिया नैनो डीएपी के फायदों के बारे में जागरूक कर प्रेरित किया जाए ताकि वे स्वतः उसे उपयोग में लाए। तो वही हाजीपुर की समिति का सहायक आपूर्ति अधिकारी के साथ औचक निरीक्षण कर गोदाम में स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। वही कृषकों को बांटे गए यूरिया आदि की जानकारी ली गई। कृषकों से बात कर समिति से यूरिया प्राप्ति की पुष्टि की गई।

### एसडीएम ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के किसानों को बताए फायदे

वही एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी किसानों के लिए एक क्रांतिकारी कृषि इनपुट हैं जो पारंपरिक उर्वरकों का एक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प प्रदान करते हैं। ये नैनो-फॉर्मूलेशन फसलों को बेहतर पोषण प्रदान करते हैं, पैदावार बढ़ाते हैं, और पर्यावरण प्रदूषण को कम करते हैं। नैनो यूरिया और नैनो डीएपी पौधों द्वारा बेहतर अवशोषण और उपयोग सुनिश्चित करते हैं, जिससे फसल की पैदावार में वृद्धि होती है। साथ ही उच्च पैदावार और उर्वरकों की कम लागत के कारण, किसानों की आय में वृद्धि होती है। नैनो यूरिया और नैनो डीएपी पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में कम मात्रा में उपयोग किए जाते हैं, जिससे लीचिंग और गैसीय उत्सर्जन कम होता है, और मिट्टी, पानी और वायु प्रदूषण को कम करने में मदद मिलती है। नैनो यूरिया और नैनो डीएपी तरल रूप में होते हैं, जिससे उन्हें पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में भंडारण और परिवहन करना आसान हो जाता है। तो वही नैनो यूरिया और नैनो डीएपी पौधों को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करके, फसलों की गुणवत्ता में सुधार करते हैं, जैसे कि उनका आकार, रंग और स्वाद। तो वही कम उपयोग मात्रा और परिवहन लागत के कारण, वे पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में अधिक लागत प्रभावी होते हैं। साथ ही छोटे कण आकार के कारण, वे पौधों द्वारा बेहतर तरीके से अवशोषित होते हैं, जिससे पोषक तत्वों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित होता है और मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की गतिविधि को बढ़ावा देते हैं, जिससे मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार होता है। तो वही नैनो यूरिया और नैनो डीएपी को पत्तियों पर स्प्रे करके या बीज उपचार के माध्यम से लागू किया जा सकता है, जिससे पोषक तत्वों का सटीक और लक्षित अनुप्रयोग सुनिश्चित होता है।

### डिपो में मवेशियों के चारा और पानी

# नगर पालिका का ऐतिहासिक कदम, आम नागरिक भी खुश और मवेशी भी सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर के मुख्य बाजार व मुख्य मार्गो पर अवारा मवेशियो के बैठने के चलते होने वाले हादसो को देखते हुए नगर पालिका ने एक ऐतेहासिक कदम उठाया। नपा ने दर्जनो की संख्या में अवारा मवेशियो को एकत्रित कर सुरक्षित स्थान पर भेजा। मुख्य मार्ग हो या फिर गली-मोहल्ले हर जगह अवारा मवेशियो का जमावाडा लगा रहता था। जिसको लेकर नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू ने सभी अवारा मवेशियो के लिए सुरक्षित स्थान चिन्हित कर नगर के लटेरी रोड स्थित डिपो में अवारा मवेशियो को सुरक्षित स्थान दिया। साथ ही गायो के खाने के लिए चारा,पानी की व्यवस्था भी नपा द्वारा डिपो में की गई। नपा सीएमओ राम प्रकाश साहू ने बताया कि अवारा मवेशियो के बीच सड़क पर बैठने व आपस में लडने के कारण आम नागरिको को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही सड़क दुघर्टनाओं में प्रतिदिन कई मवेशी भी घायल हो रहें थें। जिसको देखते हुए नपा द्वारा नगर व आसपास मुख्य मार्गो पर अवारा बैठने वाले मवेशियो को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। जहा पर सभी मवेशियो के खाने व पानी की व्यवस्थाएं नपा द्वारा पहले से ही की गई है।

### दुर्घटनाओं का शिकार हो रहीं थी गायें

गाय मुख्य मार्ग सहित सड़कों पर आवारा घूमती या बैठी दिखाई देती है। ऐसे में न सिर्फ यातायात अवरुद्ध हो रहा है, बल्कि सड़क हादसे की आशंका भी बढ़ रही है। वहीं दो पहिया व चार पहिया वाहन चालक द्वारा टक्कर के बाद घायल अवस्था में गायें घंटों तक सड़क पर ही तड़पती रहती है। साथ ही कई बडी दुर्घटनाओं में गायो की मृत्यु भी हो जाती है। इसी के साथ ही नगर के मुख्य बाजार में अवारा मवेशियो के घूमने के कारण व्यापारियो को भी काफी समस्याओं का सामना करना पडता है। कभी-कभी यह मवेशी आपस में ही लडनें लगते है जिस कारण मुख्य बाजार में आम नागरिको को निकलना भी दूभर हो जाता है।

### राहगीरों के लिए बने हुए थे मुसीबत

नगर की जनता और सड़क पर चलने वाले राहगीर काफी लंबे समय से आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से परेशान थें। यहां लगभग हर सड़क पर आवारा मवेशियों का आतंक देखा जा रहा था। मुख्य मार्ग से लेकर बस स्टैंड,सब्जी मंडी,लिंक रोड,मण्डी रोड इन सभी जगह आवारा मवेशियों का जमावड़ा सर्वाधिक देखने को मिलता था। सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं से आए दिन दुर्घटना होने से लोग परेशान थें। ये मवेशी आए दिन आपस में भिड़ जाते थें जिससे सड़क से निकलने वाले वाहन चालक भी घायल हो रहे थे। मवेशियों का सबसे ज्यादा जमावड़ा सड़कों पर होता है। यहां पर लगभग पूरी सड़क पर मवेशी दिन भर खड़े रहते हैं तो कई मवेशी बीच सड़क पर ही बैठे रहते थे। वाहन चालक हार्न भी बजाता है तब भी वे टस से मस नहीं होते। वाहन चालकों को नीचे उतरकर उन्हें सड़क किनारे करना पड़ता है, तभी वह आगे बढ़ते हैं। दिन हो या फिर रात यह मवेशी राहगीरों के लिए सबसे ज्यादा मुसीबत बने हुए थें।

वर्षों पूर्व बना अन्डर ब्रिज नहीं हुआ चालू

# खरगोन में फोरलेन-45 पर बने अन्डर ब्रिज में भरा पानी

### खरगोन-जामगढ़ मार्ग पर क्रासिंग में जानलेवा हादसे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली/खरगोन

जब भोपाल-जबलपुर फोरलेन-45 सडक़ का निर्माण हो रहा था, खरगोन-जामगढ़ मार्ग जिससे एक दर्जन गांव जुडे हुए है। अन्डर ब्रिज ठेकेदार द्वारा न बनाये जाने पर अनेक दिनों तक ग्रामीणों ने आंदौलन किया। अन्डर ब्रिज तो जमीन खोद कर बना दिया गया, परंतु 5 वर्षो से चालू न हो पाने से वाहनों, ग्रामीणों को सडक़ पार करना या 3-4 कि.मी. लम्बा चक्कर लगाना मजबूरी बना हुआ है। अन्डर ब्रिज चालू न होने से पिछले वर्षो में हुए सडक़ हादसों में 8 लोगो की असमय मौत भी हो चुकी है।

**अन्डर ब्रिज के नीचे भरा पानी** - खरगोन की उपमंडी अन्डर ब्रिज की दूसरी ओर जामगढ़ भागदेई मार्ग किनारे है। इसी के साथ मुख्य सडक़ से एक दर्जन ग्रामों के ग्रामीणों, वाहनों और उपज लेकर किसानों का प्रतिदिन आना जाना बना रहता है। अन्डर ब्रिज को तकनीकि ढंग से न बना कर ठेकेदार द्वारा आंदौलन को समाप्त करने मात्र औपचारिकता भर की है। अन्डर ब्रिज के नीचे गहरा लम्बा चौड़ा गड्ढा बना हुआ है। जिसमें वर्तमान में 4-5 फिट तक पानी भरा हुआ है।

### जोखिम भरी क्रॉसिंग

खरगोन जामगढ़ मार्ग क्रासिंग पर स्कूली बच्चों, वाहनों को जोखिम भरी स्थिति में सडक़ पार करना पडती है। जिसमें हमेशा तेज रफ्तार दौड़ते वाहनों के कारण कभी भी जानलेवा हादसा होने की संभावना बनी रहती है। 5 बडे हादसों में अभी तक 8 लोगो की जानें भी जा चुकी है। इसके बाद भी एमपीआरडीसी, सडक़ ठेकेदार की घोर उदासीनता लापरवाही कभी भी बडे हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस प्रकार अंडर ब्रिज निर्माण के लिए ग्रामीणों ने बडा आंदौलन किया क्या अंडर ब्रिज शुरू करवाने भी ग्रामीणों को आंदौलन की राह पकडना पडेगी। ग्रामीण आंदौलन शुरू करने की योजना बना रहे है।

### बिगड़ा हाट बाजार का माहौल

# पिछले एक माह में जमकर हुई बारिश, हुआ आधा कोटा पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



पिछले एक माह में औसत 40-45 इंच वर्ष भर की बारिश का आधा कोटा पूर्ण हो चुका है। 22 इंच से अधिक बारिश होने से चहुओर पानी ही पानी नजर आने लगा है। इसी के साथ क्षेत्र के नदी नालों के साथ खेतों में भरपूर पानी नजर आने लगा है। बुधवार को शुरू हुआ बारिश का दौर गुरूवार को भी जारी रहा। गुरूवार को हाट बाजार भरता है। सुबह से शाम तक रूक-रूक कर बारिश होने से हाट बाजार की रौनक गायब होने के साथ दुकानदार और खरीददार दौनों ही पानी में बार-बार भींगते रहे।

### चहुंओर पानी, कीचड़

जब तेज बारिश होती है, तब सडक़ो पर फैला कीचड साफ हो जाता है। जैसे ही रिमझिम बारिश होती है, तो वाहनों के पहियों के साथ खेतों की गीली मिट्टी सडक़ो पर आ जाती है। सडक़ो के गड्डो में पानी भरा होने के बाद वाहन निकलने से उनकी गहराई और आकार बढने़, गहराई का अनुमान न लग पाने से वाहनों का संतुलन बिगडने की घटनाए हो रही है। सडक़ो पर फैला कीचड भी फिसलन का कारण बन रहा है। रिमझिम बारिश में वाहनों से सफर करना अधिक जोखिम भरा हो रहा है।

**खेतों में अत्याधिक पानी, नमी** - जिस प्रकार प्रतिदिन जोरदार बारिश हो रही है, और सूर्यदेव के दर्शन दुर्लभ हो गए है। खेतों में बारिश का पानी भरा रहने, अत्याधिक नमी परेशानियों का कारण बन रही है। तेज बारिश होते ही ग्रामीण क्षेत्र के रपटों पुलियों पर पानी आ जाने से ग्रामीणों का आवागमन बाधित होने लगा है। बारिश की अधिकता के कारण और संपूर्ण क्षेत्र के गांव-गांव में धान रोपाई का कार्य तेज होने से ग्रामीण किसान कम ही बाहर निकल पा रहे है।

मुक्तिधाम की उड़ी चादर, मार्गो पर कीचड़

# खरगोन समेत कई ग्रामों में नहीं छायादार सुविधापूर्ण मुक्तिधाम

### बारिश में भीगी लकड़ी, तिरपाल की छाया में दाह संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बाड़ी जनपद पंचायत की 106 में से दर्जनों ग्रापं. और ग्रामों में अंतिम संस्कार करना बारिश के दिनों में बडी समस्या बन रही है। खरगोन, कामतोन से मृतकों को बरेली लाकर परिवारजनों द्वारा अंतिम संस्कार किए जाने के मामले सामने आन के बाद ग्रापं. मुक्तिधाम के अधूरे निर्माण, मरम्मत इत्यादि के प्रति उदासीन बने हुए है।

### निकली राशि खर्च, मुक्तिधाम अधूरे

तहसील के सबसे बडे ग्राम और 20-25 ग्रामों के बीच मुख्य व्यापारिक केन्द्र कस्बा खरगोन में मुक्तिधाम निर्माण के लिए राशि तो निकाल ली, परंतु निर्माण नहीं हुआ। इसी प्रकार नगर से लगी ग्रापं. कामतोन में भी मुक्तिधाम न होने से पिछले दिनों मृतकों को बरेली लाकर अंतिम संस्कार किया गया। मनरेगा योजना के अन्तर्गत पिछले वर्षो में सभी ग्रापं. में मुक्तिधाम निर्माण होना थे। मुक्तिधामों का निर्माण भी हुआ परंतु आंधी मे टीनशेड उड जाने, कही आधे अधूरे निर्माण में चबूतरा बना तो टीन शेड नहीं डला। जिससे सर्वाधिक बारिश के दिनों में ग्रामीणों को दाह संस्कार करना सबसे बडी समस्या बन जाती है। मुक्तिधाम के निर्माण के लिए लाखो की राशि स्वीकृत और खर्च भी हो गई, परंतु दर्जनों ग्रापं. ग्रामों में बारिश के दौरान अंतिम संस्कार करना चुनौतीपूर्ण कार्य बना हुआ है।

**मार्ग पर पानी, गीली लकडिय़ा** - पिछले एक माह से संपूर्ण क्षेत्र में जमकर बारिश हो रही है। बारिश से शव



दाह की लकडिया गीली हो जाने, उपर से गिरते पानी में बिना शेड़, तिरपाल पन्नियों के सहारे चिता की आग जलाना और दाह संस्कार की क्रिया सम्पन्न होना बडी समस्या बन रही है। चारगांव, धनाश्री सहित दर्जनों ग्रामों में मुक्तिधाम पहुंचने मार्गो पर पानी भरा रहने, कीचड के बीच से जाना मजबूरी बन रहा है।

### हो रहा मुक्तिधाम निर्माण

ग्रापं. खरगोन के सचिव अमित दीक्षित ने बताया कि मुक्तिधाम निर्माण के लिए 3.35 लाख की राशि स्वीकृत होने के साथ चबूतरा निर्माण हो गया है। उपर टीन शेड डालने का कार्य बारिश के कारण नहीं हो पा रहा है। शीघ्र टीन शेड डाल दिया जाएगा।

एक गोदाम को दो केन्द्रों का बनाया खरीदी केन्द्र

# बरेली-पिपरिया मार्ग पर मूंग से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों की लगी लाइनों से यातायात व्यवस्था हुई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



सोमवार 14 जुलाई से क्षेत्र के मूंग खरीदी केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद तौल शुरू हुई है। बरेली-पिपरिया मार्ग पर ग्राम बाग पिपरिया के एक वेयर हाउस को दो सहकारी संस्थाओं का तौल खरीदी केन्द्र बनाये जाने से मुख्य मार्ग पर सेकडो मूंग से भरी ट्रेक्टर ट्रालियों की लाइनें दिन-रात लगी रहने से मुख्य मार्ग पर यातायात प्रभावित और कभी भी सडक़ हादसें की संभावना बनी हुई है।

**फैली अव्यवस्थाए** - मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी से पूर्व विपणन संघ, राज्य भंडार निगम के जिम्मेदारों द्वारा गोदामों का सत्यापन, मूंग खरीदने के बाद भंडारण की व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन और व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना चाहिए था। इसके प्रति घोर उदासीनता बरती गई। बगलवाडा एवं चैनपुर सहकारी संस्थाओं को केन्द्र तो बना दिया गया परंतु गोदाम न मिलने से अभी तक मूंग की खरीद ही शुरू न हो पाने से किसान अपनी मूंग बैंचने तौल कराने हैरान परेशान होने के साथ भटक रहे है।

**एक गोदाम पर दो केन्द्रों की तौल** - समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी की व्यवस्थाओं में सबसे बडा और ज्वलंत उदाहरण बाग पिपरिया का वेयर हाउस बना हुआ है। एक वेयर हाउस पर बारिश के दौर में दो खरीदी संस्थाओं के द्वारा मूंग की खरीदी किसानों के लिए भारी परेशानियों का कारण बन रही है। बरेली पिपरिया मार्ग पर वेयर हाउस के सामने मुख्य सडक़ पर दौनों ओर मूंग से भरी ट्रेक्टर ट्रालियों की लम्बी लाइने लगी है।

लाइनों में लगी और दिन रात पानी में भींगते हुए किसान अपनी मूंग तुलाई की बारी आने का लम्बा इंतजार कर रहे है। सेकडो ट्रेक्टर ट्रालियों में रखी मूंग किसकी पास और किसकी फैल होगी अनिश्चित्ता और सेकडो ट्रालियों की लाईन में से किसी ट्रेक्टर ट्राली का बाहर निकलना जोखिम भरा कठिन बन जाता है। सबसे अधिक यातायात वाले बरेली-पिपरिया मार्ग पर ट्रेक्टर ट्रालियों की लम्बी लाइनों और भीड़ से वाहन चालक भारी परेशान और जाम लगने से प्रभावित भी हो रहे है।

# अतिथि शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस का विरोध प्रदर्शन किया बहिष्कार, बाड़ी पहुंचकर सौंपा ज्ञापन




**बरेली।** अतिथि शिक्षक संघ और शालाओं में पदस्थ अतिथि शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस का विरोध किया और कक्षाओं का एक दिवसीय बहिष्कार कर, बाड़ी पहुंच कर ब्लॉक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। अतिथि शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गोविन्द सिंह राजपूत के नेतृत्व में बाड़ी, बरेली तहसीलों की शालाओं में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करने वाले महिला-पुरूष कर्मियों द्वारा ई-अटेंडेंस का विरोध कर इसके अन्यायपूर्ण बताया जा रहा है। शिक्षकों एवं अतिथि शिक्षकों का ई-अटेंडेंस का विरोध किए जाने से सबसे अधिक ग्रामीण शालाओं की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

website : general.kbtgroup.in
KBT Kusha Bhau Thakre COLLEGE
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481, 796042, 9893708149
E-Pravesh Code-P619
BA (Com+Plain)
B.Com (Com+Plain)
B.Sc (Com+Plain)
B.Lib (1 Years)
PGDCA (1 Years)
MSW (2 Years)
PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years)
B.ED. (2 Years)

## खबर संक्षेप

### थाना प्रभारी ने बच्चों को समझाया नशे से रहें दूर



**सांची।** पुलिस विभाग द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत स्कूली बच्चों और नागरिकों को नशा न करने और उसके दुष्परिणामों के बारे में बताया जा रहा है। थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी व उनकी टीम जगह-जगह जाकर लोगों को नशा मुक्ति की सीख दे रहे हैं। गुरुवार को संदीपनी विद्यालय में जाकर छात्र-छात्राओं को नशे से दूर कैसे रहा जाए, इसके दुरुपयोग तथा नशा मुक्ति होने से इसके दुष्परिणाम के बारे में भी बताया। इस कार्य में स्कूल विभाग के शिक्षक और शिक्षकों सभी ने भाग लिया।

### सीआरपीएफ जवान के सूने घर में चोरों का धाबा



**रायसेन।** जिले के भोजपुर में बीती रात सीआरपीएफ जवान के सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोर गिरोह द्वारा ताला एवं खिड़की के ग्रिल तोड़कर घर में घुस गए। गोदरेज के लॉकर को रॉड से तोड़कर उसमें रखा करीब 10 तौला सोना-चांदी के जेवरातों सहित नगदी पर हाथ साफ कर दिया। ओबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि भोजपुर में सीआरपीएफ जवान मुकेश सिलावट परिवार के साथ उज्जैन महाकाल बाबा के दर्शन के लिए गए हुए थे। इस दौरान उनका सूना होने के कारण चोरों ने निशाना बनाते हुए 10 तोला सोना-चाँदी के जेवरात व नगदी चुरा ले गए। घर के बाहर अंदर लगे सीसीटीवी में चोरी की वारदात कैमरे में कैद हो गई है।

### पुलिस ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को दी जानकारी




**सलामतपुर।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत गुरुवार को हाईस्कूल खोहा में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, एएसआई रमेश रैकवार, महिला आरक्षक हिमांशी राजपूत और आरक्षक रोहित गोस्वामी, स्कूल प्राचार्य सहित स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस ने छात्र-छात्राओं को बताया कि स्वस्थ्य रहना है तो नशे से दूर रहना होगा। नशा स्वास्थ्य के साथ आर्थिक और सामाजिक हानि भी पहुंचाता है। नशामुक्त भारत बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ दिलाई गई। थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के तहत उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया।

### कलेक्टर ने शासकीय हाईस्कूल का किया आकस्मिक निरीक्षण

# कलेक्टर के निरीक्षण में खुली स्कूलों की पोल, लापरवाह शिक्षकों को थमाए नोटिस

सरकारी स्कूलों में जिला प्रशासन द्वारा गैर हाजिर रहने वाले शिक्षकों पर शिकंजा कसने स्कूलों में मिड डे मील की गुणवत्ता परखने और टीचरों की ऐप पर ई-अटेंडेंस चेकिंग सहित समय पर स्कूल खुलने और बंद होने की जांच करने के लिए अलग-अलग विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शामिल करके टीम गठित की हैं, लेकिन हकीकत यह है कि इक्के-दुक्के प्रशासनिक अधिकारियों को छोड़कर अन्य अधिकारियों की जांच टीमें सरकारी स्कूलों की जांच पड़ताल करने नहीं पहुंच रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर की पहल पर स्कूलों में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों और पंचायत भवनों में ताला डालकर गायब रहने वाले कर्मचारियों को सुधारने के लिए जांच टीमें गठित की गई है। जो प्रतिदिन गांवों में पहुंचकर लापरवाह कर्मचारियों एवं शिक्षकों पर शिकंजा कस रहे है। बहरहाल कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा एक सच्चे कर्मठ और ईमानदार कलेक्टर हैं जो शासन की योजनाओं का धरातल पर मौके पर ही निपटाने की सामर्थ रखते हैं। लेकिन उनके अधीनस्थ अधिकारी एक बार फिर लापरवाही बरतकर झूठी जानकारी व योजनाओं के गलत आकड़े देकर उन्हें गुमराह भी करते हैं और सच्ची जानकारी से अवगत कराने में गलती छुपाने में वे माहिर हैं।

वैसे कलेक्टर श्री विश्वकर्मा की सोच अच्छी है इसका आम नागरिक भी समर्थन कर रहे है, लेकिन अधिकारियों को भी ऐसे जांच अभियान को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए, बल्कि जिला प्रशासन का भरपूर सहयोग करना चाहिए। क्योंकि ऐसे अभियान से लापरवाह अधिकारियों की लगातार स्कूलों में मॉनिटरिंग करने से लापरवाह शिक्षकों की पोल खुलकर जनता के सामने आने लगी है। इतना ही नहीं पंचायत के क्रियाकलापों की भी जांच पड़ताल भी की जा रही है। यदि गांवों की सरकार के पंचायत भवन में ताले लटके अगर मिल रहे हैं तो उन पर भी शिकंजा कसा जा रहा है।

इस जांच अभियान को लेकर सरपंच से लेकर सचिव और रोजगार सहायक सभी चौकन्ने होने लगे हैं। शिक्षा जगत में भी हड़कंप मचा हुआ है। कलेक्टर द्वारा शहर के कलेक्ट्रेट कॉलोनी स्थित वार्ड-4 शासकीय हाईस्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल में शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों से सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित होने, गत वर्ष का परीक्षा परिणाम और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद कर विद्यालय नियमित खुलने और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली।



**मास्टर बने कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पूछे सवाल**

*निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मास्टर बने और छात्रों से प्रश्न पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों से पाठ्य पुस्तक से प्रश्न पूछकर उनका शैक्षणिक स्तर भी परखा। विद्यार्थियों से संवाद के दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी विद्यार्थी पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें।*

### जिपं सीईओ ने स्कूलों के औचक निरीक्षण में दो गैर हाजिर शिक्षकों को थमाए शोकाज नोटिस

*सरकारी स्कूलों से शिक्षकों के गोल होने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इन लापरवाह शिक्षक शिक्षिकाओं पर शिकंजा कसने के लिए जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदारिया ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया। वहीं ग्राम पंचायत गोपीसुर सतकुण्डा के प्राथमिक शाला के दो शिक्षकों को और माध्यमिक शाला सेहतगंज की एक शिक्षिका को कारण बताओ नोटिस जारी किया। वहीं एक पंचायत सचिव को पंचायत भवन में ताला लगा मिलने के कारण किया निलंबित। ग्राम पंचायत गोपीसुर सतकुंडा के सचिव संतोष नामदेव को कार्य में लापरवाही बरतने के लिए निलंबित किया। जिपं सीईओ ने मिड डे मील की गुणवत्ता को चखा। तीनों शिक्षकों से संतुष्ट जबाव नहीं मिलने पर की जाएगी कार्यवाही।*

### काले हिरण के शिकार का मामला

# वन अमले ने फरार शिकारी को घेराबंदी कर धरदबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के सिलवानी में काले हिरण के शिकार और घर के फ्रिज में रखे उसके मांस के मामले में फरार आरोपी अनुराज सिंह दांगी को मुखबिर की सूचना पर ग्राम सहजपुरी जिला सागर से पकड़ा और न्यायालय में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया।

वन मंडल सामान्य रायसेन की वन परिक्षेत्र सिलवानी पश्चिम में विगत 15 अप्रैल 2025 को संदिग्ध मांस की जब्ती और उसके बाद जबलपुर में सैंपल परीक्षण के बाद पकड़े गए मुख्य आरोपी फैजल खान को पहले ही जेल भेजने के बाद फरार आरोपी अनुराज सिंह दांगी को आज वन विभाग की टीम ने ग्राम सहजपुरी जिला सागर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। शिकारी की गिरफ्तारी के दौरान उसके के घर से कीमती सागौन की लकड़ियां भी बरामद हुई। जिसे दक्षिण वन मंडल सागर ने भी जब्त कर मामला दर्ज किया।

हम आपको बता दे कि काले हिरण के शिकार और मांस घर में पाए जाने के मामले में फैसल खान, मोहम्मद फैज, मोहम्मद साद, मोहम्मद नोमान मोहम्मद शाहिद को आरोपी बनाया गया था।

**शिकारियों की गिरफ्तारी के लिए हिन्दू संगठनों ने किया था प्रदर्शन**

काले हिरण के शिकार और उसके मांस को मुख्य आरोपी फैजल खान के घर में पाए जाने पर हिंदू संगठनों ने काफी विरोध हंगामा किया था और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। इसके बाद वन विभाग की टीम ने तत्काल दविश देते हुए आरोपी के घर में रखे हुए फ्रिज से काले हिरण का मांस बरामद किया था। उसको सैंपल परीक्षण के लिए जबलपुर भेजा था वहां की रिपोर्ट में उस मांस को काले हिरण का बताया गया था। इस कारण मुख्य आरोपी फैजल आरोपी फैजल खान को पहले ही जेल भेजा जा चुका है जो अब जमानत पर है। वहीं अनुराज सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# साढ़े 6 करोड़ लागत की सड़क तीन साल में भी नहीं बन सकी

### बारिश में 4 गांव के ग्रामीण हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले खेड़ा, टपरा, पिपरई, काली टोर, मुनारा गांव में आजादी के 75 साल बाद भी सड़क की सौगात नहीं मिल पाई है। जबकि इन गांवों के लिए 3 साल पहले 6 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया था 3 साल बीत जाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा सड़क अब तक कंप्लीट नहीं हुई है।

सबसे ज्यादा परेशानी उन छोटे-छोटे नैनीताल बच्चों को होती है जो स्कूल तक पहुंचाने के लिए कीचड़ में से होकर गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने 10 दिन पहले ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर सड़क नहीं बनने की शिकायत की है लेकिन उनकी शिकायत का भी अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। हरि सिंह लोधी ने बताया कि ठेकेदार द्वारा जो पुलिया बनाई गई है। वहां काफी नीचे बनी है बारिश का पानी पुलिया के ऊपर से वह रहा है।

ग्रामीण ज्ञान सिंह लोधी, गोविंद लोधी, चैन सिंह जाटव, गणेश राम जाटव, गेंदा अहिरवार ने बताया कि ठेकेदार बहुत धीमी गति से काम कर रहा है। 3 साल गुजर गए लेकिन अभी तक रोड बनकर तैयार नहीं हुआ है जिस कारण हम सभी गांव के ग्रामीण बारिश में दीवानगंज, भोपाल, विदिशा, हाईवे तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

बात दे कि देश की आजादी के 75 साल बाद ग्रामीण पक्की सड़क बनते हुए देख रहे थे। कई सालों से कच्चा और कीचड़ वाला मार्ग था। बारिश से पहले ही 5 गांव के ग्रामीण 4 महीने का राशन लेकर घर में रखते थे। क्योंकि बारिश में इन गांवों के ग्रामीण पक्की सड़क तक नहीं पहुंच पाते थे। पक्की सड़क न होने से पांचो गांव के ग्रामीण आजादी के 75 साल के बाद भी सड़क के लिए तरस रहे हैं।

# बरसते पानी में दुकानदार पहुंचे तहसील, सौंपा ज्ञापन

फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सांदीपनि विद्यालय की भूमि पर कब्जा कर दुकाने बनाकर व्यवसाय करने वाले दुकानदार बरसते पानी में तहसील कार्यालय पहुंचे एवं ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण न हटाने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि नगर में कई सालों से सरकारी भूमि पर दुकान बनाकर व्यवसाय किया जा रहा है, जिससे परिवार का पालन पोषण हो रहा है। प्रतिदिन नगर परिषद को टैक्स भी देते हैं, लेकिन नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया है। यदि दुकाने हटाई जाती है तो हम सभी के सामने परिवार का पेट पालने का संकट खड़ा हो जाएगा। ज्ञापन में कहा है कि प्रशासन चाहे तो पक्की दुकानें बना कर आवंटित कर सकता है व तय मासिक किराया भी ले सकता है। बरसात के मौसम में अतिक्रमण हटाना उचित नहीं है। दुकानों से दूर जमीन पर बाऊंड्रीवाल का निर्माण कराया जा सकता है।



### नप ने एक दिन पूर्व दिए थे नोटिस

*नगर परिषद सिलवानी ने करीब 161 दुकानदारों को सांदीपनि विद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने के नोटिस वितरित किए है। अतिक्रमित भूमि पर बाऊंड्री बॉल का निर्माण कराया जाना है। जिसे लेकर नप के द्वारा नोटिस जारी किए गए है। नोटिस मिलने के बाद से ही दुकानदारो में हड़कंप मचा हुआ ह। ज्ञापन सौंपते वक्त बड़ी संख्या में दुकानदार मौजूद रहे।*

# विधायक चौधरी ने घायलों को दी आर्थिक मदद, अस्पताल पहुंचकर जाना हाल-चाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के देवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुड़ियाखेड़ा के पास विगत 9 जुलाई को मजदूरों से भरी पिकअप वाहन पलटने से हुए दर्दनाक हादसे के बाद सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने मानवीय पहल करते हुए घायलों की सहायता के लिए तत्परता दिखाई।

हादसे में कल्लू, केशर, कमल, गंगा, कमलेश, शीला, बलवान, बहादुर, सोनू, मीरा बाई, लखन, रूपसिंह, हल्की बाई, वीरेंद्र कुमार सिलावट, परसराम, राजेंद्र, रोहित कुमार सिलावट, भगवती बाई, हरिराम एवं गीता घायल हो गए थे। विधायक डॉ. चौधरी ने स्वयं अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना और उन्हें उचित इलाज दिलवाने के लिए डॉक्टरों को जरूरी निर्देश भी दिए। साथ ही प्रत्येक घायल को 5-5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके प्रति सहानुभूति और सहयोग का भाव प्रकट किया।



### चालक ने कूदकर बचाई अपनी जान

# तेज रफ्तार बस ने बाइक को कुचला, टला हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

गुरुवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे शहर के सागर तिराहे पर एक तेज रफ्तार यात्री बस ने मोड़ते समय सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी, चालक ने समय रहते बाइक से कूदकर अपनी जान बचा ली, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार बाइक और बस की टक्कर में बाइक बस के पहिए के नीचे दब गई। मां अंबे ट्रैवल्स की बस भोपाल की तरफ से रायसेन आ रही थी। बस चालक ने सागर तिराहे पर तेज रफ्तार में टर्न लिया। इसी दौरान बाइक बस से टकरा गई। टक्कर के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।



घटना की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस मौके पर पहुंची तथा बस को जब्त कर कोतवाली थाने में खड़ा करवा दिया गया।

### स्थायी शिक्षकों जैसी सुविधाएं दिए जाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

# ई-अटेंडेंस का विरोध, अतिथि शिक्षकों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला मुख्यालय रायसेन और तहसील मुख्यालय सिलवानी में अतिथि शिक्षकों ने एकजुट होकर ई-अटेंडेंस सिस्टम का विरोध किया और इसमें संशोधन की मांग कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदेश में शिक्षकों के लिए लागू की जा रही ई-अटेंडेंस व्यवस्था के विरोध में गुरुवार को अतिथि शिक्षक लामबंद हो गए। नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे शिक्षकों ने डिप्टी कलेक्टर सरोज अग्निवंशी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इसमें ई-अटेंडेंस व्यवस्था लागू नहीं करने की मांग की गई। शिक्षक इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक को अपनी समस्या से अवगत कराया।

अतिथि शिक्षकों ने कहा कि पूर्व में भी विभाग ने यह व्यवस्था लागू करने की कोशिश की थी, लेकिन अव्यावहारिक और अमानवीय होने के कारण इसे बंद कर दिया था। अब फिर से इसे लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षकों ने नियमित शिक्षकों की तरह सुविधाएं देने की मांग की।



**ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं मिलता**

**नेटवर्क :** उन्होंने बताया कि अधिकतर अतिथि शिक्षकों के पास स्मार्ट फोन नहीं है और ग्रामीण क्षेत्र में नेटवर्क नहीं मिल पाता। शिक्षकों का कहना है कि अगर सरकार सभी सुविधाएं दे तो वे ई-अटेंडेंस का विरोध नहीं करेंगे।

### अतिथि शिक्षकों ने ईअटेंडेंस का किया विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

*सिलवानी। शासकीय स्कूलों में ई-अटेंडेंस लागू कर दिए जाने का शिक्षकों द्वारा विरोध किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को नगर में आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। एकत्रित हुए अतिथि शिक्षक एसडीएम कार्यालय पहुचें यहां पर दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि शैक्षणिक सत्र 2025- 26 में अतिथि शिक्षकों से अनिवार्य ई अटेंडेंस लगवाने के लिए आदेश जारी किया है, जो अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय है। ई अटेंडेंस लगवाने से पूर्व हमारी समस्याओं का निराकरण किया जाये। 80 प्रतिशत से अधिक अतिथि शिक्षकों के पास एंड्रॉइड मोबाइल नहीं है। अतिथि शिक्षकों को सर्वप्रथम शासन स्तर पर एंड्रॉइड मोबाइल खरीदने के लिए न्यूनतम 20 रुपए की राशि अतिथि शिक्षकों के खाते प्रदान की जाये। 80 प्रतिशत से अधिक अतिथि शिक्षकों की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है जो मोबाईल रिचार्ज कराने में असमर्थ है प्रतिमाह रिचार्ज के लिए न्यूनतम 500 की राशि अतिथि शिक्षकों के खाते में प्रदान की जाये। प्रतिमाह निश्चित तिथि में अतिथि शिक्षकों को मानदेय प्रदान किया जाये।*

# संभाग प्रभारी कांतदेव ने कहा- काम करने वालों को दी जाएगी तवज्जो

### जिला कार्य समिति के गठन को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भाजपा जिला कार्य समिति को लेकर राजनैतिक सरगर्मी अब तेज होने लगी है। इसी को लेकर गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में जिला कार्य समिति के गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया। बैठक में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और भोपाल संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह मौजूद रहे। कांत देव सिंह ने विधायकों से मोर्चा पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों के बारे में सुझाव लिए।

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और भोपाल संभाग प्रभारी कांतदेव सिंह ने कहा- जिला कार्य समिति में ऐसे पदाधिकारियों को शामिल किया जाए जो संगठन के प्रति समर्पित हों। साथ ही पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से काम करने वाले लोगों को प्राथमिकता दी जाए।



बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व विधायक ठाकुर रामपाल सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य जीतू शर्मा सहित कई नेता शामिल हुए। वहीं उदयपुरा विधायक और स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल प्रवास पर होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सके। संभाग प्रभारी सिंह ने उनसे फोन पर बात कर सुझाव लिए।